# योजनाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से तय समय सीमा में पूरी करें



समस्तीपुर में योजनाओं का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। साथ में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष मल्ल। • सौ. आइपीआरडी

जागरण संवाददाता, समस्तीपुर: सरायरंजन प्रखंड स्थित मणिका और मुसापुर पंचायतों में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 522.77 करोड़ की लागत वाली विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने तीन नई सड़क और नदी उड़ाही से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री ने मणिका स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में 200.67 करोड़ रुपये की तीन योजनाओं के शिलापट्ट के अनावरण से की। मुख्यमंत्री ने मुसापुर पंचायत स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित 322.10 करोड़ लागत वाली बलान और जमुआरी नदियों की गाद उड़ाही परियोजना का शिलान्यास किया।

इन योजनाओं की घोषणा

## बोले मुख्यमंत्री

- 522.77 करोड़ की योजनाओं की सीएम ने दी सौगात
- बलान और जमुआरी की गाद उड़ाही परियोजना का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के पहले चरण में 13 जनवरी को समस्तीपुर दौरे के दौरान की थी। मौके पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक राजेश कुमार सिंह, विधान पार्षद डा तरुण कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप पुदुकलकट्टी, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, आयुक्त कौशल किशोर, डीआईजी स्वप्ना गौतम व अन्य मौजूद रहे।